# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (10.01.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 10.01.2025, PAGE-04**

# विवि में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024-28 की परीक्षा गुरुवार से शुरू हुई। परीक्षा में एक लाख 56 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा के लिए 56 सेंटर बनाये गये हैं। परीक्षा दो पालियों में हो रही है। सबसे पहले मेजर विषयों की परीक्षा होगी। उसके बाद माइनर और फिर एमडीसी और स्किल एनहांसमेंट कोर्स की परीक्षा ली जायेगी। कड़ाके की ठंड में भी परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ रही। पहले दिन राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, दर्शन शास्त्र और मैथिली विषय, भूगोल, बॉटनी, उर्दू, इलेक्ट्रॉनिक्स और परसियन विषय की परीक्षा हुई।

**Ref:....................** **Date:.........................**

**HINDUSTAN,
MUZAFFARPUR
DATE:10.01.2025
PAGE-04**

# विश्वविद्यालय में इस बार बजट ऑनलाइन

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में इसबार बजट ऑनलाइन बनाया जायेगा। शिक्षा विभाग ने इसका निर्देश दिया है। शिक्षा विभाग के अनुसार बजट को समर्थ पोर्टल पर अपलोड करना है। अब तक बीआरएबीयू में ऑफलाइन बजट बनाया जाता था। इसबार बीआरएबीयू का बजट एक हजार करोड़ से अधिक हो सकता है। बजट में नैक और खेल के मद में राशि बढ़ाई जा सकती है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 10.01.2025, PAGE-04**


# पांच जिलों के 56 केंद्रों पर स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा हुई शुरू



स्नातक की परीक्षा को लेकर नीतीश्वर सिंह कालेज में जुटे छात्र ● जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से गुरुवार से स्नातक सत्र 2024-28 में नामांकित छात्र-छात्राओं की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुई। पांच जिलों में पहले दिन 56 केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा हुई। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होनी थी। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर एक से चार बजे तक चली। पहली पाली में राजनीतिविज्ञान, रसायनशास्त्र, दर्शनशास्त्र व मैथिली की परीक्षा हुई। वहीं दूसरी पाली में भूगोल, उर्दू, बाटनी, इलेक्ट्रानिक्स व परसियन की परीक्षा हुई। परीक्षा नियंत्रक डा.सुबालाल पासवान ने बताया कि परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में हुई। केंद्राधीक्षकों को इसको लेकर दिशानिर्देश दिया गया है। बता दें कि इस परीक्षा में 1.60 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं। अबतक बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के किसी भी परीक्षा में सर्वाधिक परीक्षार्थियों की संख्या इस बार है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN,**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:10.01.2025**
**PAGE-04**

# प्रो.रवींद्र कुमार बने एनओयू के कुलपति

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति रहे प्रो.रवींद्र कुमार को नालंदा ओपेन यूनिवर्सिटी का कुलपति बनाया गया है। कुलाधिपति के आदेश से प्रधान सचिव ने अधिसूचना जारी की है। अगले तीन वर्षों तक प्रो.कुमार कुलपति के पद पर रहेंगे। बता दें कि प्रो.रवींद्र कुमार बीआरएबीयू के प्रति कुलपति के पद पर थे। उनके कुलपति बनने पर विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

**बीआरएबीयू सामर्थ पोर्टल पर अपलोड करेगा बजट : मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से सत्र-2025-26 का बजट सामर्थ पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसको लेकर शिक्षा विभाग की ओर से निर्देश दिया गया है। एक हजार करोड़ रुपये का बजट होने का अनुमान है। खेल, रिसर्च ओरिएंटेड गतिविधियों के अलावा कई अन्य मदों में राशि बढ़ने की संभावना है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:10.01.2025, PAGE-04**

# स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 56 केंद्रों पर शुरू हुई

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- पहले मौसम ने ली परीक्षा और फिर बीआरएबीयू ने
- ठंड के बीच सुबह 8.30 बजे से ही पहुंचे थे परीक्षार्थी

बीआरएबीयू की ओर से स्नातक सत्र 2024-28 में नामांकित छात्र-छात्राओं की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हो गयी.पहले दिन पांच जिलों में 56 केंद्रों पर दो पालियों में पेपर कराये गये. पहली पाली सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक थी. कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह 8.30 बजे से ही परीक्षार्थी केंद्र के बाहर पहुंच गये थे. वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर एक से शाम चार बजे तक चली. पहली पाली में राजनीति विज्ञान, रसायनशास्त्र, दर्शनशास्त्र व मैथिली की परीक्षा हुई. वहीं दूसरी पाली में भूगोल, उर्दू, बॉटनी, इलेक्ट्रॉनिक्स व पर्शियन की परीक्षा ली गयी. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने कहा-27 जनवरी तक यह परीक्षा करायी जायेगी.बता दें कि इस परीक्षा में 1.60 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं.अबतक बीआरएबीयू के किसी भी परीक्षा में सर्वाधिक परीक्षार्थियों की संख्या इसबार है.

**जो स्पर्धा में गये हैं, उन्हें देंगे अवसर**

इस्ट जोन अंतर विवि कल्चरल फेस्ट में प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं भी गये हैं. वे इस परीक्षा में शामिल ही नहीं हो पा रहे. परीक्षा के शिड्यूल के समानांतर तिथि को कोलकाता में अंतर विवि कल्चरल फेस्ट का आयोजन हो रहा है. ऐसे में उन नौ छात्रों को परीक्षा के लिए अलग से मौका देंगे.

## बीआरएबीयू समर्थ पोर्टल पर अपलोड करेगा बजट

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से सत्र-2025-26 का बजट सामर्थ पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा. इसको लेकर शिक्षा विभाग की ओर से निर्देश दिया गया है. विश्वविद्यालय की ओर से बजट तैयार किया जा रहा है. इसबार बजट में खेल, रिसर्च ओरिएंटेड गतिविधियों, प्रेस को शुरू करने से लेकर कल्चरल गतिविधियों को लेकर राशि में बढ़ोतरी करने की उम्मीद है. एक हजार करोड़ से अधिक का बजट अनुमानित है. विवि की ओर से शीघ्र बजट तैयार कर पोर्टल के माध्यम से विभाग को भेजा जाएगा.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 10.01.2025, PAGE-04**

# प्रो रवींद्र कुमार बने एनओयू के कुलपति



**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के प्रति कुलपति रहे प्रो.रवींद्र कुमार को नालंदा ओपेन यूनिवर्सिटी का नया कुलपति बनाया गया है. कुलाधिपति के आदेश से प्रधान सचिव रॉबर्ट एल.चोंग्थू ने यह अधिसूचना जारी की है. अगले तीन वर्षों तक प्रो.कुमार कुलपति के पद पर रहेंगे. उनके कुलपति बनने पर विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं. बता दें कि प्रो.रवींद्र कुमार बीआरएबीयू के प्रति कुलपति के पद पर थे. इसके बाद से राजभवन के स्तर से किसी भी विवि में प्रति कुलपति की नियुक्ति नहीं की गयी है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 10.01.2025, PAGE-01

# बीआरएबीयू : पांच सत्रों में जीइआर में बढ़ोतरी, छात्राओं की संख्या डेढ़ गुनी हुई

अंकित कुमार, मुजफ्फरपुर

**उच्च शिक्षा** में छात्राओं की भागीदारी बढ़ रही है. सरकार की विविध योजनाओं और शिक्षा की महत्ता समझने के बाद अब छात्राएं सक्रिय रूप से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं. कोरोना काल के बाद बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी देखी गयी है. वर्तमान में स्नातक कोर्स में तीन सत्रों में 4.29 लाख विद्यार्थियों का नामांकन है. इसमें छात्राओं की संख्या करीब 2.40 लाख है. स्नातक के साथ ही पीजी में भी छात्र-छात्राओं के नामांकन में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गयी है. पीजी सत्र- 2019-21 में जहां कुल 5,339 विद्यार्थी नामांकित थे. इसमें छात्राओं की संख्या 2,966 थी. वहीं सत्र 2023-25 में नामांकन का ग्राफ बढ़कर 11,080 पर पहुंच गया है. इसमें छात्रों की तुलना में छात्राओं की संख्या 20 प्रतिशत अधिक है.

**एक दशक में बिहार के जीइआर में दोगुनी बढ़ोतरी :** बिहार में उच्च शिक्षा में ग्रॉस इनरॉलमेंट रेशियो



प्रतीकात्मक

(जीइआर) में दोगुनी बढ़ोतरी देखी गयी है. बिहार में 2010 में जीइआर 9.1 प्रतिशत था. वहीं 2022 में उच्च शिक्षा में बिहार का जीइआर 17.1 प्रतिशत पर पहुंच गया है. केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का लक्ष्य है कि 2035 तक उच्च शिक्षा में जीइआर को 50 प्रतिशत तक पहुंचाना है. इसमें विशेषकर महिलाओं को उच्च शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करना है. बीते दिनों सरकार की ओर से शुरू किये गये कन्या उत्थान योजना का सकारात्मक असर जीइआर पर देखने को मिला है.

**जीइआर बढ़ना सुखद संकेत, योजनाओं की भी रहीं भूमिका :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अध्यक्ष छात्र कल्याण डॉ आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि जीइआर में लगातार हो रही बढ़ोतरी सुखद संकेत हैं. विकसित देशों में उच्च शिक्षा पाने वालों की संख्या काफी अधिक होती है. इसके कई लाभ भी होते हैं. एक तो हम अपने अधिकारों के प्रति सजग हो जाते हैं. वहीं समाज में अंधविश्वास और कुरीति जैसी चीजों के लिए जगह नहीं बचती. बिहार में जीइआर के बढ़ने में विशेषकर महिलाओं का रूझान उच्च शिक्षा की ओर बढ़ा है. इसमें विभिन्न योजनाओं की भी भूमिका रही है. छात्राओं को निशुल्क शिक्षा देने और कन्या उत्थान योजना जैसे कदम सराहनीय हैं. जीइआर बढ़ने के साथ ही हमें उच्च शिक्षा में गुणवत्ता की ओर भी ध्यान देना होगा.

**स्नातक**

| सत्र - 2021-24 | | सत्र- 2022-25 | | सत्र- 2023-27 | | सत्र- 2024-28 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र- | 50,843 | छात्र- | 53,414 | छात्र- | 63,202 | छात्र- | 74,093 |
| छात्रा- | 63,363 | छात्रा- | 69,396 | छात्रा- | 81,970 | छात्रा- | 87,834 |
| कुल- | 1,14,206 | कुल- | 1,22,810 | कुल- | 1,45,172 | कुल- | 1,61,927 |

**पीजी**

| सत्र- 2020-22 | | सत्र- 2021-23 | | सत्र- 2022-24 | | सत्र- 2023-25 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र- | 2,607 | छात्र- | 2,279 | छात्र- | 2,928 | छात्र- | 4,938 |
| छात्रा- | 3,358 | छात्रा- | 3,387 | छात्रा- | 4,483 | छात्रा- | 6,142 |
| कुल- | 5,965 | कुल- | 5,666 | कुल- | 7,411 | कुल- | 11,080 |

- पांच से 10 हजार छात्राओं की संख्या में प्रतिवर्ष हो रही है वृद्धि, कन्या उत्थान योजना के कारण उच्च शिक्षा की ओर बढ़ रहा छात्राओं का रुझान